राजधानी •
वर्ष 18 | अंक 236 | पृष्ठ : 14+4+16
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 4 दिसंबर 2020

तैयारी सुपरस्टार रजनीकांत 31 दिसंबर को अपनी पार्टी की करेंगे घोषणा...11

दिल्ली-एनसीआर

अब दो नहीं पांच रनवे का होगा एयरपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर अब दो की जगह पांच रनवे बनाए जाएंगे। जेवर एयरपोर्ट के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इम्प्लिमेंटेशन कमेटी ने बृहस्पतिवार को रनवे की संख्या बढ़ाने की मंजूरी दी। प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इम्प्लिमेंटेशन कमेटी की बृहस्पतिवार को लोक भवन में आयोजित बैठक में नोएडा एयरपोर्ट में रनवे की संख्या दो से बढ़ाकर 4 से 6 रनवे किए कंसलटेंट एजेंसी की

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ने दी मंजूरी

रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह ने पांच रनवे की फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर पूर्व में स्वीकृत दो रनवे के अलावा तीन और रनवे बनाए जा सकते है। पीएमआईसी ने वित्तीय व्यवस्था होने पर पांच रनवे के लिए भूमि अधिग्रहण की मंजूरी दी। पहले चरण में तीसरे रनवे के लिए 1365 हेक्टयर भूमि का अधिग्रहण होगा। दूसरे चरण में तीन रन वे के लिए कुल 3418 हेक्टयर और भूमि की जरूरत होगी। दूसरे चरण के प्रथम फेज में 1365 हेक्टेयर, दूसरे फेज में 1318 हेक्टेयर और तीसरे फेज में 735 हेक्टेयर की भूमि सम्मिलित होगी। इस प्रकार पांच रनवे के लिए नोएडा एयरपोर्ट में कुल 4752 हेक्टयर की भूमि होगी।